## ब्रीफ खबरें

### मुखिया के विरुद्ध वार्ड सदस्यों ने मोर्चा खोला

**छतरपुर(पलामू)।** छतरपुर प्रखंड क्षेत्र के दीनादाग पंचायत की मुखिया सविता देवी के विरूद्ध पंचायत के वार्ड सदस्यों ने मोर्चा खोल दिया है . वार्ड सदस्यों का आरोप है कि मुखिया गलत और मनमाने तरीके से अनुपयोगी योजनाओं का चयन कर रही हैं और इन योजनाओं में फर्जी निकासी भी कर रही हैं . इस बावत वार्ड सदस्यों ने पलामू डीसी को एक आवेदन देकर मुखिया के कार्यप्रणाली और अवैध निकासी के जांच की मांग की है . उप मुखिया प्रियंका देवी ने डीसी को पत्र लिखकर कहा है कि बिना डस्टबीन लगाये और बिना सड़क बनाये ही मुखिया ने फर्जी निकासी की है .

### प्राचार्य पर एमडीएम की राशि निकालने का आरोप

**पाटन (पलामू )।** भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य नीरंजन पासवान ने पलामू जिला शिक्षा अधीक्षक को आवेदन देकर पाटन के न्यू प्राथमिक नान्हीं झरिया विद्यालय के प्राचार्य मुन्ना कुमार पर एमडीएम की राशि निकाले का आरोप लगाया है. श्री पासवान ने कहा कि प्राचार्य अपने नाम से चेक बनाकर एवं संयोजिका अध्यक्ष से पहचान कराकर एमडीएम का पैसे निकालने एवं संयोजिका ने प्राचार्य से राशि का हिसाब मांगने पर संयोजिका को बिना आमसभा के हटाने एवं दूसरे संयोजिका को खाता में जोड़ने का आरोप लगाया है.

### ट्रक के धक्के से युवक घायल, चालक फरार

**लातेहार।** रांची-मेदिनीनगर मुख्य पथ पर मनिका डिग्री कॉलेज मोड़ के समीप बुधवार की पूर्वाह्न तकरीबन 11 बजे एक ट्रक (सीजी-15-एसी5154) ने बाइक सवार युवक अपनी चपेट में ले लिया. इस दुर्घटना में युवक का दाहिना पैर टूट गया. युवक की पहचान अंशु उरांव, ग्राम हेसला के रूप मे की गयी है. बताया जाता है कि अंशु उरांव लातेहार से मनिका की ओर जा रहा था. इसी दौरान विपरीत दिशा से धान लोड एक ट्रक ने बाइक सवार को जोरदार धक्का मार दिया.

### बस स्टैंड के समीप दो गुमटियों में हुई चोरी

**नावा बाजार (पलामू) ।** पलामू जिले के नावा बाजार प्रखंड मुख्यालय बस स्टैंड एनएच 98 मुख्य मार्ग के किनारे मीर आशिक खान तथा मीर शाहनवाज की गुमटी तोड़कर अज्ञात चोरों ने गुमटी में रखे सामान और पैसे की चोरी कर ली . घटना मंगलवार की रात की है . नावा बाजार पुलिस अगल-बगल के सीसीटीवी को खंगाल रही है . बताया जा रहा है कि कुछ नशेड़ियों ने इस वारदात को अंजाम दिया है .

### सभी वार्ड में टैंकर से पानी आपूर्ति की मांग

**छतरपुर(पलामू )।** छतरपुर नगर पंचायत वार्ड 13 निवासी समाजसेवी गांधी कुमार ने पानी की समस्या को देखते हुए नगर पंचायत कार्यालय में कार्यपालक पदाधिकारी विश्वजीत महतो को ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में कहा गया है कि भीष्म गर्मी में लोगों को पानी के लिए काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है. इसलिए हर वार्ड में टैंकर से पानी की आपूर्ति की जाय.

### लोड बढ़ने से ट्रांसफॉर्मर में लगी आग, अफरा-तफरी

**बिश्रामपुर(पलामू)।** भीषण गर्मी में लोड बढ़ने से कहीं बिजली के तार टूट रहे हैं तो कहीं ट्रांसफॉर्मर जल रहे हैं . ऐसा ही एक हादसा बुधवार को आईटीसीओ बिश्रामपुर मुख्य मार्ग के किनारे अवस्थित राजदिरिया में हुआ . यहां 25 केवीए के ट्रांसफार्मर में आग लग गयी और वह आग काफी दूर फैल गयी .

---

पलामू एनसीपी जिलाध्यक्ष ने उपायुक्त को सौंपा मांग पत्र, कार्रवाई की मांग

# पत्थर माइंस संचालकों ने नदी भरकर क्रशर लगा दिया

**संवाददाता। हरिहरगंज (पलामू**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के जिलाध्यक्ष संदीप कुमार पासवान ने पलामू डीसी को पत्र लिखकर कहा है कि पीपरा प्रखंड में पत्थर माइंस संचालकों द्वारा फुलदेवईया और सुखनदिया नदी का अतिक्रमण करके नदी में ही क्रसर प्लांट चलाया जा रहा है . क्रसर चलाने के लिए इन्होंने नदी में क्रसर से निकलने वाला डस्ट और माईंस से निकले वाली मिट्टी भर दिया है जिससे प्रखंड क्षेत्र के उक्त दोनों प्रमुख नदियों के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है . पत्र में कहा गया है कि जो पलामू हमेशा अकाल और पानी की किल्लत के लिए चर्चित रहा है और जहां जल संचय और पानी की


नदियों पर किया गया अतिक्रमण.

योजनाओं के नाम पर करोड़ों के वारे न्यारे होते हैं, वहां माईंस और क्रसर संचालकों की यह मनमानी प्रशासन कैसे बर्दाश्त कर रहा है ?पत्र में कहा गया है कि इलाके में पत्थर माफियाओं का आतंक इतना बढ़ गया है कि जपला पथरा रोड दर्जनों भारी वाहनों के परिचालन से क्षतिग्रस्त हो गया है और सड़क पर उड़ती धूल से यहां के लोग त्राहिमाम् कर रहे हैं . भारी वाहनों के तेज गति से चलने के कारण हमेशा दुर्घटनायें होती रहती है.

### धूल और प्रदूषण से लोग बीमार हो रहे हैं

बरदाग, गोसाईंडीह, भुईंया टोला कलीपुर के जंगल के तरफ जाने वाले सर्वे को माईंस और क्रसर संचालकों ने मिट्टी और डस्ट से भर दिया है . माईंस में हर दिन बड़े विस्फोट और भारी वाहनों से अक्सर दुर्घटनायें होती हैं और तब माईंस संचालक अंग्रेजों जैसा व्यवहार करते हैं . पत्र में डीसी से अविलंब उचित कार्रवाई की मांग की गयी है . पत्र की प्रतिलिपि डीएमओ, राज्य सचिव खनन एवं अपदा विभाग, विधायक और सांसद को भी दी गयी है .

### पानी का छिड़काव के नाम पर खानापूर्ति हो रही है

पानी का छिड़काव नहीं होने से वहां के बच्चों को उड़ते धुल स अब सांस लेने में भी परेशानियां होने लगा है तथा माइस माफिया के चलते जो भी रोड किनारे स्कूल है . वहा पर बच्चे-बच्चीयों की उपस्थित स्कूलमें कम होने लगा है . चूंकि उड़ती धुल से दिन में भी कोहरा सा आंख आगे छा जा रहा हैऔर उतनी ही भारी वाहनों के स्पिड से परिचालन हो रहा है . जिससे अनेक तरह का बीमारीएवं दुर्घटना हो रहा है .

---

शाहपुर के लक्की हत्याकांड मामले का पुलिस ने किया उदभेदन

# हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार दो फरार, छापेमारी जारी

**संवाददाता। चैनपुर(पलामू)**

थाना क्षेत्र के शाहपुर निवासी लक्की कुमार उर्फ गोल्डन राम की पिछले दिनों हुई हत्या मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. वहीं अन्य आरोपी फरार बताए जा रहे है. पकड़े गए आरोपियों में शहर थाना क्षेत्र के कांदू मुहल्ला निवासी शिवशंकर राम का 22 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार एवं चैनपुर के डोमटोली निवासी अरूण कुमार का 27 वर्षीय पुत्र पवन कुमार शामिल है. इनकी निशानदेही पर पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त गोली का प्लेट भी बरामद कर लिया है. पूरे मामले की जानकारी देते हुए एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद ने बताया कि लक्की का शव 08 जून को बंदुआ के खोहरी गांव से बरामद हुआ था, जिसके बाद मृतक की माता रेखा देवी ने अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करायी थी. एसपी के निर्देश के आलोक में चैनपुर थाना में एक टीम गठित की गई थी. इसके बाद थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा के नेतृत्व में मामले का उद्भेदन किया गया. उन्होंने बताया कि हथियार अश्वनी तिवारी का था. जिस हथियार से रोहित ने मामूली विवाद में नोक झोंक के दौरान लक्की की हत्या कर दी थी. पुलिस दोनों को पूछताछ के लिए चैनपुर थाना लाई इसके बाद पवन ने सारी जानकारी दी. जिसके बाद रोहित को उसके घर से गिरफ्तार किया गया. उसने घटना में अपनी संलिप्ता जाहिर की. उन्होंने बताया कि अन्य दो फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है. इस कांड के उद्वेदन में चैनपुर थाना प्रभारी श्रीराम शर्मा के अलावे पुलिस अवर निरीक्षक चंदन कुमार, रंजीत कुमार, राजकुमार मेहता एवं रामचंद्र चौधरी शामिल थे.


घटना की जानकारी देते एसडीपीओ.

### महिला ने शादी का बनाया दबाव तो प्रेमी ने कर दी हत्या

**मेदिनीनगर।** नवाबाजार थाना क्षेत्र से 22 मार्च को महिला की शव बरामदगी मामले में हत्या के कारणों का पुलिस ने खुलासा कर लिया है. पुलिस ने हत्या के आरोपी ईबरार शाह को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस की पूछताछ में उनसे अपना जुर्म स्वीकार किया है. नवाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार ने बताया कि महिला की हत्या प्रेम प्रसंग में हुई थी. उन्होंने बताया कि 22 मार्च को महिला का शव थाना क्षेत्र के अजनिया अहरा के पास डोभा से बरामद हुआ था. मृतका नावाबाजार



के सोहदाग इलाके की रहने वाली थी. महिला की हत्या प्रेम प्रसंग में की गई थी. महिला का प्रेमी भी तीन बच्चों का पिता है. नावाबाजार थाना क्षेत्र के खोड़ी निवासी ईबरार शाह को तीन बच्चों की मां से प्यार हुआ था. महिला ने जब शादी के लिए ईबरार पर दबाव बनाया तो इबरार ने महिला की हत्या कर डाली. हत्या से पहले महिला के सिर को जमीन पर पटका गया और जख्मी हालत में उसे डोभा में फेंक दिया गया था, जिससे महिला की मौत हो गई. मृत महिला और हत्या के आरोपी इबरार के तीन-तीन बच्चे हैं. इबरार ओडिशा में सरिया सेंटरिंग का काम करता है. महिला का पति भी इबरार के साथ ओडिशा में सरिया सेंटरिंग का काम करता था, लेकिन अपने साथ मोबाइल नहीं रखता था.

### एमओ ने किया पीडीएस दुकान का निरीक्षण

**पाटन(पलामू)।** एमओ संजय कुमार ने पकरीया संतोषी महिला स्वयं सहायता समूह पीडीएस दुकान का निरीक्षण किया . उन्होंने बताया कि संतोषी महिला समूह का आपसी झगड़ा चल रहा है. दुकान संचालन पहले से समूह के दूसरे सदस्य करते थे और अब दुकान का संचालन पहले से चला रहे सदस्यों को हटाकर नये सदस्य को समूह में जोड़कर चलाया जा रहा है. जिससे आपस में दुकान चलाने को लेकर विवाद चल रहा है. इसी के आलोक में पाटन एमओ ने दुकान की जांच की. उन्होंने दोनों पक्षों से अपना दस्तावेज दिखाने को कहा है. कहा कि सभी बिंदुओं पर जांच जारी है. दस्तावेज देखने बाद ही सही गलत का पता चल पायेगा . जो पक्ष गलत पाये जायेंगे उन पर कडी कार्रवाई की जायेगी . बताया कि जांच में कुछ त्रुटि मिली है. अगर जांच सही पायी गयी तो आवश्यक कार्रवाई की जायेगी.

### भाजपा की जीत पर निकला विजय जुलूस

**बालूमाथ (लातेहार)।** चतरा लोकसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार भाजपा प्रत्याशी की जीत एवं केंद्र में तीसरी बार नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार के गठन की ख़ुशी में भाजपा ने बुधवार को बालूमाथ में विजय जुलुस निकाला. जुलुस का शुभारंभ शहीद चौक स्थित भाजपा कार्यालय से हुई. इसके बाद प्रखंड कार्यालय, आदर्श नगर, मुरपा मोड़, चेकनाका, थाना चौक, बस स्टैंड और दुर्गा मंडप होते हुए जुलुस छठ तालाब तक गई. विजय जुलुस में भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर चतरा लोकसभा क्षेत्र से पार्टी प्रत्याशी कालीचरण सिंह की जीत पर बधाई दी. कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर जीत का जश्न मनाया.

## न्यूज अपडेट

### जिले में हर घर नल जल योजना फेल:प्रकाश राम


जानकारी देते प्रकाश राम.

**लातेहार।** पूर्व विधायक प्रकाश राम ने कहा कि लातेहार जिले में केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी हर घर नल हर घर जल योजना फेल हो चुकी है. जिला से ले कर राज्य स्तर के अधिकारी संवेदक के साथ मिल कर इस योजना में लूट मचा रखा है. श्री राम प्रेस के सवालों का जवाब दे रहे थे. उन्होंने आगे कहा कि इस प्रचंड गर्मी में लोग पानी के लिए त्राहि त्राहि कर रहे हैं. लोगों को पानी नहीं मिल रहा है. इस योजना में कहीं नल लगाया गया तो वहां पानी नहीं है. कहीं पाइप बिछाए गए तो कनेक्शन नहीं दिए गए. अधिकाश सोलर जलमीनार खराब पड़ा है.

### मंदिर निर्माण में आर्थिक सहयोग किया


सहायता राशि देती महिला.


**लातेहार।** सूर्यनारायण पूजा समिति, लातेहार के द्वारा शहर के चाणक्य नगरी स्थित औरंगा नदी छठ घाट में भव्य सूर्य मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है. निर्माण कार्य में स्थानीय लोग भी बढ़ चढ़ कर हिस्सा ले रहे हैं. बुधवार को चाणक्य नगरी के अजय प्रसाद गुप्ता ने अपनी माता मीना देवी एवं दिवंगत पिता गोलक साव के नाम पर सूर्य मंदिर निर्माण कार्य में 11 हजार रुपये का सहयोग प्रदान किया. श्रीमती मीना देवी ने 11 हजार रुपये नगद राशि सूर्यनारायण पूजा समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद सिंह को सौंपा.

### मोर्चा ने डीएसई से मुलाकात की, मांगें रखी


अतुल कुमार.

**लातेहार।** एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा, लातेहार के जिला अध्यक्ष अतुल कुमार ने बुधवार को जिला शिक्षा अधीक्षक कविता खलखो से मुलाकात की. इस दौरान कुमार ने सहायक अध्यापकों की विभिन्न समस्याओं को उनके समक्ष रखा. उन्होने कहा कि सहायक अध्यापकों को वार्षिक चार फीसदी मानदेय वृद्धि का जनवरी से लाभ नहीं मिला है. उन्होने कल्याण कोष का गठन करने, मृत सहायक अध्यापकों के परिजनों को मानवता के आधार पर नौकरी दिलाने, बीस शिक्षकों का अधूरा सत्यापन पूरा कराने, कई सहायक अध्यापकों का मानदेय रोका गया है, उसे चालू करने आदि की मांग की.

### पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लें: प्राचार्य


साफ-सफाई करते छात्रगण.

**लातेहार।** मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय (एसओई), लातेहार की प्राचार्य तृप्ति भारती ने विद्यालय के छात्र व छात्राओ से पर्यावरण की रक्षा करने का संकल्प लेने की अपील की. उन्होने कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हम सबों की सामुहिक जवाबदेही है. श्रीमती भारती बुधवार को विद्यालय में इको क्लब के द्वारा आयोजित विश्व पर्यावरण सप्ताह के अंतिम दिन छात्रों को संबोधित कर रही थी. उन्होने कहा कि जब तक हम स्वयं पर्यावरण के प्रति सजग और जागरूक नहीं होगें, तब तक हम दूसरों को इसके लिए प्रेरित नहीं कर सकते हैं. हम जल बचा कर और अपने आसपास के क्षेत्रों मे पौधारोपण कर भी पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं. उन्होने सिंगल यूज प्लास्टिक और पोलिथिन का प्रयोग नहीं करने की अपील की.

### पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय में समर कैंप का समापन


पेंटिंग में शामिल बच्चे

**लातेहार।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, लातेहार में बुधवार को आयोजित एक सप्ताह का समर कैंप संपन्न हो गया. समर कैंप के अंतिम दिन विद्यालय के छात्र व छात्राओं ने सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल नहीं करने की अपील को ले कर पेंटिग व पोस्टर मेकिंग किया. मौके पर छात्र आदित्य राज, आध्या टैगोर, अमन कुमार व साक्षी प्रिया आदि ने आकर्षक पेंटिंग बनायी. विद्यालय के कला शिक्षक अनुराग ने छात्रों को सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग के दुष्परिणामों से उन्हें अवगत कराया. उन्होने जल संरक्षण के प्रति छात्रों को जागरूक किया और कहा कि बिना जल के हम जीवन की कल्पना नहीं कर सकते हैं. विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य पीके ठाकुर ने बताया कि गत पांच जून को विश्व पर्यावरण दिवस से विद्यालय में समर कैंप का आयोजन किया गया था. प्रत्येक दिन विभिन्न प्रकार की गतिविधियां आयोजित कर बच्चों को पर्यावरण की रक्षा करने के लिए प्रेरित किया गया.

---

# जलसंकट को लेकर शुरू हुआ जनजागरण अभियान

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

आज से पानी यात्रा का आगाज आशीष भारद्वाज के नेतृत्व में प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर के वार्ड नंबर 2 में भीषण जल संकट से पीड़ित इलाका बजरहा और पूर्णाडीह से किया गया. पानी यात्रा अंतर्गत चलाए जाने वाले हस्ताक्षर सह जन जागरण अभियान प्रथम दिन काफी संख्या युवाओं की टीम पूर्णाडीह और बजरहा पहुंचकर पेयजल संकट को जाना और वहा के लोगो से संवाद किया.

यात्रा के दौरान आशीष भारद्वाज ने कहा कि इस अभियान के तहत हम एक-एक घर तक जाएंगे और उन्हें होने वाले पेयजल संकट को मुख्यमंत्री तक पहुंचाएंगे. उन्होंने कहा कि जब तक बदलाव नहीं आएगा तब तक यह लड़ाई जारी रहेगी. इस यात्रा में पलामू के युवा मजबूती के साथ खड़े है और बदलाव को लेकर प्रतिबद्ध दिखे. पानी यात्रा में आने वाले का कहना है कि किसी भी परिस्थिति में हमारे शहर को पानी मिलना चाहिए, चाहे सरकार उसके लिए जो व्यवस्था करें. अगर सरकार पेयजल जैसी मूलभूत सुविधा की व्यवस्था करने में उदासीन है तो चरणबद्ध आंदोलन के लिए पलामू तैयार है. यात्रा के दौरान तुलसी शुक्ला, मनीष सिंह, साहेब जी नामधारी, बबलू चावला, पिंकू तिवारी, नवीन तिवारी, मुकेश तिवारी, बीजू मिश्रा, नितेश सिंह, संदीप प्रसाद, शशांक सुमन, वैजयंती गुप्ता, आशा शर्मा, मनीष तिवारी, निरंजन मेहता, शिवम सिंह, दीपक प्रसाद, फोटू दुबे, ज्ञानेश तिवारी, चंदन दुबे, नितेश दुबे, राहुल गुप्ता, रोशन पाठक, राकेश तिवारी, सूरज सिंह, प्रभात सिंह, सुमित दुबे, सुधीर सिंह, नवनीत मेहता, आकाश विश्वकर्मा, अभिषेक रोशन, संजीत तिवारी, अंकित आरंभ शुक्ला, संजीव कुमार व अंकित गुप्ता सहित कई लोग मौजूद थे.

# अर्धनिर्मित पुलिया में गिरी कार एक ही परिवार के पांच लोग बचे

**संवाददाता। कांडी**

थाना क्षेत्र के पतीला गांव में मदरसा के समीप मंगलवार की रात एक स्विफ्ट डिजायर कार जेएच 01 ईएन 9258 अनियंत्रित होकर पुलिया में जा गिरी. दुर्घटनाग्रस्त कार में पांच लोग सवार थे जो बाल-बाल बच गए. दुर्घटनाग्रस्त कार कांडी निवासी अजीत कुमार सोनी का बताया जा रहा है.

बताया जाता है कि अजीत स्वयं कार चलाते हुए अपने परिवार के सदस्यों के साथ मोहम्मदगंज से घर वापस लौट रहे थे. उसी दौरान कार अनियंत्रित होकर पुलिया में जा गिरी. जहां पहले से लगे सेटरिंग की रॉड में फंस गई जिससे बड़ी अनहोनी टल गई.

स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य सड़क स्थित मदरसा के समीप नहर पर पुल का निर्माण कार्य पिछले 4 माह से चल रहा है जो अबतक पूरा नहीं हो सका है. कॉन्ट्रैक्टर द्वारा डायवर्सन भी ठीक प्रकार से नहीं बनाया गया है और न ही कोई ब्रैकेटिंग लगाया गया है, जिससे आए दिन वाहन दुर्घटनाग्रस्त होते रहती है.


पुलिया में गिरी कार.

# पूर्व मेयर पर हमलावर हुआ झामुमो का युवा बिग्रेड


जानकारी देते झामुमो के नेता.

**संवाददाता। मेदिनीनगर**

पूर्व मेयर द्वारा झारखंड सरकार के पीएचडी मंत्री पर बयान देने के बाद, झामुमो युवा मोर्चा के अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, अभिषेक सिंह और सचिव आशुतोष विनायक ने पूर्व मेयर पर कड़ा हमला किया है. झामुमो युवा मोर्चा के नेताओं ने कहा है कि आज मेदिनीनगर में जो जल संकट की स्थिति बनी है इसके लिए पूर्व मेयर जिम्मेदार हैं . फिर भी इनके द्वारा अनाप शनाप बयान आ रहे हैं. जल्द ही निगम के पूर्व सत्ताधारियों के खिलाफ झामुमो युवा मोर्चा आंदोलन करेगा और उनके सच्चाई जनता के बीच बताएगा. अभिषेक सिंह ने कहा कि भाजपा की पूर्व मेयर और स्वघोषित नगर माता को बताना चाहिए कि उन्होंने मेदनीनगर के पेयजल समस्या को दूर करने के लिए क्या-क्या किया है? अगर भाजपा के जनप्रतिनिधियों ने कुछ भी किया होता तो आज पलामू में घनघोर जलसंकट नहीं होता. भाजपा ने तो मंडल डैम का उद्घाटन कर दिया है, ये दावा करते हैं कि हर घर में नल से जल मिल रहा है.

---

**जज्बा** मोपेड में जुगाड़ से चक्की लगायी है, चक्की में चने का सत्तू पीस कर बेचता है

# ललन सिंह ने साबित किया जहां चाह- वहां राह...

**आशीष टैगोर। लातेहार**

कहते हैं कि अगर मन में कुछ करने की ललक हो तो सफलता अवश्य मिलती है. अगर यूं कहें कि जहां चाह है वहां राह है तो गलत नहीं होगा. आज नौकरी की चाह में युवा स्वरोजगार या फिर मेहनत करने से पीछे भाग रहे हैं. लेकिन एक ऐसा भी युवक है जो स्वयं मेहनत कर आज महीने के 30 से 35 हजार रुपये कमा कर दूसरों के लिए एक नजीर पेश कर रहा है. हम बात कर रहे हैं 25 वर्षीय युवा ललन सिंह की. ललन सिंह जिले के मनिका प्रखंड मुख्यालय के पंचफेड़ी ग्राम का रहने वाला है. उसने अपनी मोपेड में जुगाड़ से एक चक्की लगायी है. इस चक्की में वह चने का सत्तू पीस कर बेचता है. लोग उसके पास आते हैं सत्तू खरीदते हैं. लोगों का कहना है कि इसमें किसी प्रकार की कोई मिलावट नहीं है. वह हमारी आंखों के सामने चक्की में चना डालता है और पीस कर सत्तू देता है. इसलिए ललन से सत्तू खरीदने पर उन्हें संतोष मिलता है.


सत्तू पीसता ललन.

**मैट्रिक तक पढ़ा है ललन :** शहर के बाइपास चौक अपनी मोपेड लगा कर चना पीसने के दौरान उसने शुभम संदेश से बात की. कहा कि वह मैट्रिक तक पढ़ा है. आदिम जनजाति समुदाय से आता है. नौकरी की आश में था, लेकिन लगा कि नौकरी नहीं मिलेगी तो उसने कुछ नया करने का सोचा. अचानक उसके दिमाग में यह आइडिया आया. पहले तो लोगों ने कहा कि उसका यह धंधा नहीं चलेगा, लेकिन उसने हिम्मत नहीं हारी. वह मनिका के अलावा लातेहार जा कर चौक चौराहों में अपनी मोपेड लगा कर चना पीस कर सत्तू बेचने लगा. उसने अपनी मोपेड में एक छोटा से चक्की लगाया है. जो डीजल के पंप से चलता है. पूछने पर उसने बताया कि वह प्रतिदिन तकरीबन 35 से 50 किलोग्राम तक चना पीस कर सत्तू बेच लेता है. कहा कि गर्मियो सत्तू की डिमांड अधिक होती है. प्रतिदिन लगभग एक हजार रूपये का मुनाफा हो जाता है.

### सत्तू अच्छी क्वालिटी की होती है

ललन सिंह का नियमित सत्तू खरीदने वाले श्याम ठाकुर ने बताया कि ललन सिंह का सत्तू शुद्धता की गारंटी होती है . क्योंकि यह लोगों के सामने चक्की में चना डाल कर पीसता है . लोग अपनी आंखों से चना पीसते देखते हैं . इसलिए इसमें मिलावट की कोई गुंजाइश नहीं होती है .

---

‘लाठी खाएंगें लेकिन जंगल की घेराबंदी नहीं होने देंगे’

# जंगल की घेराबंदी के विरोध में एकजुट हुए ग्रामीण

**संवाददाता। बरवाडीह (लातेहार)**

छिपादोहर पंचायत के मतनाग गांव के परहिया लोटा में बुधवार को ग्राम प्रधान मधेश्वरी सिंह के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की गयी. इसका नेतृत्व पूर्वी जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने किया. बैठक में ग्रामीणों ने बताया कि वन विभाग के द्वारा बिना ग्रामसभा किए हमारे जंगल के चारों ओर ट्रेंच काट कर तार से घेराबंदी किया जा रहा है.

ग्रामीणों ने कहा की यह जंगल हमारे पुरखों का है और तब से इस जंगल का देखभाल हम लोग करते आ रहे है. वन विभाग मनमानी कर अब घेराबंदी रहा है. बैठक में वन विभाग के खिलाफ ग्रामीणों में काफी आक्रोश देखा गया. जिप सदस्य कन्हाई सिंह ने कहा की ग्रामसभा के अनुमति के बिना वन विभाग कोई भी अपना गतिविधि नही कर सकता है. जंगल का घेराबंदी नही होना चाहिए इसको रोकने के लिए हम सभी को एक होना होगा और विभाग से लड़ाई लड़ना होगा. उन्होंने कहा की अगर आप लोग एक जुट होकर आगे आयेंगे तो हम वन विभाग का लाठी खाने के लिए तैयार है पर घेराबंदी नही होने देंगे. बैठक में ग्रामीणों ने आगामी 15 जून को बेतला वन विभाग कार्यालय का घेराव का निर्णय लिया. मौके पर वनाधिकार समिति के अध्यक्ष रामजनम सिंह, सुनैना देवी, ननखू परहिया, केशर परहिया, सूरजदेव परहिया, भोला यादव, राजेंद्र यादव समेत काफी संख्या में महिला व रुष व ग्रामीण मौजूद थे.



बैठक में शामिल ग्रामीण.

### ब्रीफ खबरें

#### घर के दरवाजे से पिकअप वैन की चोरी

**कामडारा (गुमला)।** पोकला गेट निवासी नरेंद्र नाग के आंगन में खड़ी पिकअप वैन की मंगलवार की रात चोरी हो गई. वाहन मालिक नरेंद्र नाग ने बुधवार की सुबह अज्ञात चोर के खिलाफ पिकअप वैन की चोरी के संबंध में कामडारा थाना में प्राथमिकी दर्ज करायी है. कहा कि उनका घर कामडारा थाना क्षेत्र के पोकला गेट के समीप है. मंगलवार की रात अपने पिकअप वैन को दरवाजा के सामने खड़ा करने के बाद घर के अंदर चले गये.रात के लगभग दो बजे के आसपास गाड़ी के स्टार्ट होने की आवाज सुनाई पड़ी. तब वह बाहर निकले. तब तक चोर वाहन को लेकर कामडारा की ओर भागने लगे.

#### बाइक की चपेट में आने से छात्र घायल

**घाघरा(गुमला)।** घाघरा थाना क्षेत्र के बड़ा अजियातु मंडप के समीप बुधवार को छोटा अजियातु निवासी छात्र संजीत उरांव को बाइक चालक ने टक्कर मार दी. जिससे छात्र का पैर टूट गया. बाइक चालक भागने में सफल हो गया. ग्रामीणों के सहयोग से घायल छात्र संजीत उरांव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र घाघरा लाया गया. जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया. घायल संजीत उरांव आठवीं का छात्र है और टीसी लेने साइकिल से स्कूल गया था. लौटने के क्रम में बड़ा अजियातु मंडप के समीप विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार बाइक चालक ने टक्कर मार दी.

#### शहर में सुबह 9:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित

**गढ़वा।** 13 जून दिन गुरुवार को शहर में सुबह 6:30 बजे से सुबह 9:30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी. इसकी जानकारी देते हुए बिजली विभाग के विधायक प्रतिनिधि नसीम अख्तर ने बताया कि 33 केवी गढ़वा 1 फीडर में मरम्मती एवं पोल गाड़ने का कार्य किया जाना है, इसलिए गढ़वा शहर के दोनों विद्युत शक्ति उपकेंद्र (पुराना एवं नया) की विद्युत आपूर्ति सुबह 6:30 बजे से 9:30 बजे तक बाधित रहेगी.

#### बजरंग दल ने डीसी को सौंपा मांग पत्र

**मेदिनीनगर।** जम्मू कश्मीर में वैष्णव देवी, कटरा से शिवखोड़ी जाते समय श्रद्धालुओं की बस पर आतंकवादी हमला के विरोध में झारखंड विहिप व बजरंग दल का प्रतिनिधि मंडल पलामू उपायुक्त से मिला और राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन सौंपा. ज्ञापन में कहा गया है कि जम्मू कश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है. धारा 370 के हटने के बाद एक आशा जगी थी. लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी भी कम नहीं हुआ है. हिंदुओं को चिन्हित करके उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ी हैं.

#### क्षतिग्रस्त पाइप को ठीक कराने की मांग

**मेदिनीनगर ।** भाजपा नेता परशुराम ओझा उर्फ पानी बाबा ने नगर निगम के आयुक्त से मेन पाइप की अविलंब मरम्मत कराने की मांग की है. उन्होंने कहा है कि चियांकी पहाड़ पर बनी टंकी की मेन पाइप पांच फीट फट गयी है जिसके कारण रेड़मा, बारलोटा, बड़कागांव सहित सभी जगह पानी की आपूर्ति बंद है. पाइप को अविलंब ठीक कराने की आवश्यकता है ताकि लोगों को गर्मी में पानी मिल सके. कई जगह पानी की कोई दूसरी व्यवस्था नहीं है, इसी पर लोग निर्भर हैं. वहां तीन मोटर लगे हुए हैं. एक मोटर जला हुआ है.

### झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक संपन्न

## सरकार हमारी मांगों पर विचार करे, नहीं तो आंदोलन : राजू महतो

संवाददाता। लोहरदगा



लोहरदगा समाहरणालय मैदान में बैठक करते झारखंड आंदोलनकारी.

झारखंड आंदोलनकारी महासभा लोहरदगा जिला समिति की बैठक बुधवार को समाहरणालय मैदान में जिला कार्यकारी अध्यक्ष अमर किन्डो की अध्यक्षता में हुई. बैठक में केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो, प्रधान महासचिव कयूम खान, गिरिडीह के वरिष्ठ साथी राजेश वर्मा, जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत मुख्य रूप से मौजूद थे. मौके पर केन्द्रीय अध्यक्ष राजू महतो ने कहा कि राज्य निर्माणकर्ताओं की पहचान सम्मान एवं व्यवस्थाओं का लाभ देने में सरकार अभी भी विफल है. झारखंड आंदोलनकारी महासभा ने झारखंड सरकार को आंदोलनकारियों के 11 सूत्री मांग पत्र दिया है. जिस पर सरकार ने कोई कार्रवाई नहीं की गयी है. मुख्य मंत्री इस पर संज्ञान में लेते हुए जल्द वार्ता करे अन्यथा झारखंड सरकार के खिलाफ जोरदार आंदोलन होगा. इसके लिए मुख्यमंत्री समेत सभी मंत्रियों एवं सरकार में शामिल राष्ट्रीय नेताओं के खिलाफ जोरदार आंदोलन किया जाएगा. श्री महतो ने आगे कहा कि अब सरकार एवं सरकार में शामिल दलों के खिलाफ सीधी लड़ाई लड़ी जाएगी. प्रधान महासचिव कयूम खान ने कहा कि हमारे शहीदों एवं पूर्वजों और पुरखों ने झारखंड की पहचान एवं झारखंड की आदिवासी, मूलवासी समुदाय के अधिकारों के लिये लगातार संघर्ष करते रहे हैं. झारखंडी पहचान एवं अस्तित्व के खिलाफ रची जा रही साजिश के खिलाफ आंदोलनकारियों का त्याग एवं बलिदान आज बेकार साबित हो चला है. वरीय जिला संयोजक प्रो. विनोद भगत ने कहा कि सीएनटीए, एसपीटीए रूल 1996 बना. आज आदिवासियों, मूलवासियों के अस्तित्व इसलिए खतरे में हैं क्योंकि इनकी रक्षा के लिये बनी तमाम कानून व अधिनियम ठंडे बस्ते में डाल दिये गये. संबोधित करने वालों में जिला सचिव विशेषण भगत, कोषाध्यक्ष कृष्णा ठाकुर, नगर अध्यक्ष रूस्तम खान, सचिव दिनेश साहू, इसरार अहमद, सीता उरांव, बालोमनी बाखला, बिहारी भगत, सुखदेव उरांव आदि शामिल थे. बैठक में असगर खान, अनुप उरांव, दशरथ उरांव, जगदीश उरांव, दामोदर महतो, अजीत खाखा, प्रमेश्वर उरांव, हलीम खान, गंगा उराँव, रूदन उरांव, लक्ष्मी देवी, सूरज मोहन लकड़ा, रामदयाल उरांव आदि मौजूद थे. मंच संचालन जिला प्रवक्ता अनिल कुमार भगत एवं धन्यवाद ज्ञापन दिनेश साहू ने की.

**खास बातें**
- झारखंडी पहचान एवं अस्तित्व के खिलाफ रची जा रही साजिश
- समस्याओं समाधान के लिए आपसी एकजुटता जरूरी : राजेश वर्मा

### चंदवा की टोरी रेलवे क्रासिंग पर फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण

## मांग को लेकर माकपा ने पीएम को लिखी खून से चिट्ठी, किया प्रदर्शन

संवाददाता। लातेहार



लातेहार में खून से लिखे पत्र के साथ प्रदर्शन करते माकपा के कार्यकर्ता.

माकपा ने एनएच-99 पर चंदवा के टोरी रेलवे क्रासिंग पर फ्लाई ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग को ले कर प्रधानमंत्री, केंद्रीय सड़क व परिवहन मंत्री को संबोधित खून से लिखा एक मांग पत्र डीडीसी, लातेहार को सौंपा. इससे पहले माकपा नेता व कार्यकर्ता समाहरणालय परिसर के नगर पंचायत कार्यालय परिसर में एकत्रित हुए. यहां उन्होने अपने शरीर से सिरिंज से खून निकलवाया और फिर इसी खून से मांग पत्र लिखा. इसके बाद उन्होने यहां खून से लिखे मांग पत्र को हाथों में लेकर विरोध प्रदर्शन किया और केंद्र, राज्य सरकार और एनएच विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की.

माकपा के जिला सचिव सुरेंद्र सिंह ने बताया कि टोरी फ्लाई ओवर ब्रिज निर्माण की मंजूरी मिल चुकी है. पैसा भी आवंटित कर दिया गया है और जमीन का भी अधिग्रहण भी हो चुका है. 03 अप्रैल 2021 को सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्री नीतिन गडकरी ने इसका ऑनलाईन शिलान्यास भी किया था. लेकिन एनएच विभाग की लापरवाही के कारण कार्य शुरू नहीं हुआ. सरकार, एनएचएआई और रेलवे विभाग को जगाने के लिए खून बहाना पड़ रहा है. वरिष्ठ नेता अयुब खान ने कहा कि टोरी रेलवे क्रॉसिंग पर घंटों जाम में फंसकर बीमार अपनी जान गंवा रहे हैं. इसके बाद भी इस समस्या समाधान के लिए सरकार को कोई चिंता नहीं है. अगर शीघ्र निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ तो आंदोलन होगा. मौके पर शोभन उरांव, हनुक लकड़ा, पचु गंझु, रसीद मियां, मो फैजान, द्वारिका ठाकुर, बासु उरांव, परवेज खान, प्रमोद उरांव व निलेश उरांव समेत दर्जनों कार्यकर्ता शामिल थे.

**खास बातें**
- केंद्र राज्य सरकार और एनएच के खिलाफ की नारेबाजी
- डीडीसी को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग की है

#### फ्लाईओवर नहीं होने के कारण हो रही परेशानी

बता दें कि टोरी जंक्शन व्यस्त रेलमार्ग है. यहां से तीन रूट रांची – लोहरदगा से टोरी, टोरी से बालूमाथ, हावड़ा से टोरी भाया दिल्ली समेत अन्य महानगरों तक रोजाना करीब सैंकड़ों गुड्स ट्रेन और दर्जनों एक्सप्रेस ट्रेनों का परिचालन होता है. इस कारण अक्सर रेलवे फाटक बंद रहता है. सिर्फ लोगों को पार करने के लिए तीन–चार मिनट खोला जाता है. एनएच पर रेलवे फाटक होने के कारण सैकड़ों छोटी–बड़ी दो पहिया और चार पहिया वाहन से प्रत्येक रेलवे क्रॉसिंग जाम में आधे से अधिक घंटे तक फंसे रहते हैं. जाम में मरीज लिए एंबुलेंस भी फंसती है. अब तक दर्जनों मरीजों की मौत फाटक जाम पर फंसने से हो चुकी है.वहीं समय पर किसी को चिकित्सा की जरुरत होने पर नहीं मिल पाता है. लोगों को कहीं जाना–आना हो तो उसमें भी मुश्किलों को समाना करना पड़ता है. इसके साथ ही गर्मी और बरसात के दिनों में रेलवे फाटक बंद रहने पर स्थिति और विकट हो जाती है.लोगों को इसे दौरान कई मुश्किलों से दो–चार होना पड़ता है.लोगों को जरुरी काम से कही जाना हो दस समय रेलवे फाटक बंद रहने से और विकट स्थिति हो जाती है.

#### वज्रपात से दो गांवों में 20 मवेशी की मौत

**गुमला ।** जारी थाना क्षेत्र के जरमाना और जरडा मरियम टोली में मंगलवार की देर शाम हुए वज्रपात से 20 मवेशी की मौत हो गई. एक साथ बीस मवेशियों की हुई मौत से गांव में मातमी सन्नाटा पसर गया. किसानों के आंखों से आंसू थमने का नाम नहीं ले रहा है. ज्ञात हो कि मंगलवार कर शाम आसमान में काले बादल छाए और तेज आंधी तूफान के साथ बारिश होने लगी. बारिश के साथ अचानक वज्रपात हुआ. जरमाना गांव में 18 मवेशी की मौत हो गई. सभी मवेशी एक आम के पेड़ के नीचे खड़े थे. तभी अचानक वज्रपात हुई. एक मवेशी गंभीर रूप से घायल है . वही बगल के जरडा मरियम टोली गांव में व्रजपात की चपेट में आने से दो मवेशी की मौत हो गई. जानकारी के अनुसार जरमाना गांव के लॉरेनतुस एक्का, शांति प्रकाश टोप्पो ,सिल्वेस्टर टोप्पो, बनासियूस टोप्पो, एंथोनी मिंज आदि किसानों के मवेशी की मौत हुई है.

#### ट्रेन के 13 घंटे विलंब होने पर यात्रियों ने किया हंगामा

**कामडारा ।** रक्सौल -हैदराबाद एक्सप्रेस ट्रेन के परिचालन पर लगभग 13 घंटा विलंब होने के कारण बुधवार की शाम लगभग 4:30 बजे ट्रेन में सफर कर रहे यात्रियों ने पकरा रेलवे स्टेशन पर जमकर हंगामा किया. कंट्रोल रूम के निर्देश पर ट्रेन को गंतव्य के लिए रवाना किया गया. यात्रियों से मिली जानकारी के अनुसार रक्सौल-हैदराबाद एक्सप्रेस ट्रेन बुधवार की सुबह लगभग 10 बजे के आसपास हटिया रेलवे स्टेशन पहुंची. परंतु उक्त ट्रेन को अन्य छोटे-छोटे रेलवे स्टेशनों पर रोकते हुए धीरे -धीरे आगे बढ़ाया जा रहा था. शाम लगभग लगभग साढ़े चार बजे के आसपास पकरा रेलवे स्टेशन पर ट्रेन को रोक दिया गया.

### न्यूज अपडेट

#### नशापान के विरुद्ध चलाया जागरूकता अभियान



नाटक का मंचन करते कलाकार.

**लोहरदगा।** जिले के किस्को एवं कुड़ू प्रखंड के विभिन्न गांव में महिला पुरुष समानता और नशापान के दुष्परिणाम विषय पर ग्रामीणों के बीच जागरूकता के लिए नुक्कड़ नाटक मंचन किया गया.नाटक के माध्यम से परिवार एवं समाज में लंबे समय से व्याप्त लैंगिक भेदभाव एवं असमानता को समाप्त करने में पुरुषों की महत्वपूर्ण भूमिका है जिसे उन्हें निर्वाहन करना है. तभी महिलाओं को शिक्षा, रोजगार, नौकरी एवं अपने निर्णय लेने का अधिकार मिल पाएगा और व्याप्त असमानता घटेगी.

#### कांग्रेस नेता दिलीप तिर्की ने ग्रामीणों से की बात



ग्रामीणों से बात करते कांग्रेस नेता.

**सिमडेगा।** जनता शिकायत पर कांग्रेस नेता दिलीप तिर्की ने भ्रमण कर बीरू फुलवरटांगर में. लोगों से मुलाकात कर समस्याओं को जाना. ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में गंभीर पेयजल संकट है. पीएचडी विभाग केवल नाम का काम कर रहा है. लोगों ने कहा कि यहां बस जलमीनार दिख रहे लेकिन हमें पानी मिलता नही. दिलीप ने जलसहिया से भी मुलाकात की. जलसाहिया ने बताया कि विभाग से कौन आता क्या काम करता हमसे कोई पूछता भी नहीं और बताता भी नही, बस काम हो गया मैडम हस्ताक्षर कर दीजिए. जलसाहिया ने यह भी बताया कि मेरे मना करने पर भी जलमीनार ऐसी जगह लगा दिया जहां नहीं लगना चाहिए.

#### एसडीओ ने वृद्धा आश्रम का निरीक्षण किया



वृद्धा आश्रम का निरीक्षण करते एसडीओ

**सिमडेगा।** एसडीओ सुमंत तिर्की ने वृद्धा आश्रम का निरीक्षण किया. मौके पर एसडीओ ने आश्रम में रहने वाले वृद्धों से मुलाकात कर उनका हाल-चाल जाना एवं आश्रम में मिल रही सुविधाओं की भी जानकारी ली. उन्होंने कहा कि आश्रम में रहने वाले वृद्धो को किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसके लिए प्रयास किया जा रहा है. सभी सुविधा मिले एसके लिए वहां के रह रहे लोगों से बात की और आगे किसी तरह का समस्या ना हो उसकी निदान करने की बात कही में आश्रम आने पर वृद्ध आश्रम मे रहने वाले लोगों ने एसडीओ साहब को धन्यवाद दिया.


#### योग्य लाभार्थियों को योजनाओं का दें लाभ : डीडीसी



बैठक करते डीडीसी.

**गुमला ।** उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में अधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें मनरेगा संचालित योजनाओं की बिंदुवार समीक्षा करते हुए अद्यतन स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने योग्य लाभुकों को मनरेगा योजना से लाभान्वित करने का निर्देश दिया। लंबित कार्यों को गति देने और कार्यों को अविलंब पूर्ण करने की बात कही। उहोंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में उदासीनता और लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में सहायक परियोजना पदाधिकारी, सभी बीपीओ, सहायक अभियंता, कनिया अभियंता आदि पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद थे.

#### बीडीओ ने मनरेगा योजना का निरीक्षण किया



अबुआ आवास योजना का निरीक्षण करती बीडीओ.

**भंडरा(लोहरदगा)।** जिले के भंडरा प्रखंड क्षेत्र में संचालित महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना स्थल का बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने निरीक्षण कर वस्तु स्थिति का मुआयना किया. इस बीच बीडीओ प्रतिमा कुमारी के द्वारा भंडरा प्रखंड के मसमानो पंचायत में संचालित मनरेगा योजना का क्षेत्र भ्रमण कर कार्यों का जायजा लिया. इधर निरीक्षण के क्रम में बीडीओ के द्वारा मसमानो सहित अन्य गांवों का भी भ्रमण किया गया. मौके पर कृष्ण साहू, जयंती देवी, वासुदेव पाहन ,बिरसा उरांव का सिंचाई कूप योजना, रवि उरांव का मिश्रित बागवानी योजना, धनेश्वरी देवी का मिश्रित बागवानी, शांति देवी का अबुआ आवास योजना का निरीक्षण किया गया. निरीक्षण के दौरान सही तरीके से आवास बनाने, कुआं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश बीडीओ प्रतिमा कुमारी के द्वारा दिया गया. साथ ही भ्रमण के दौरान उनके द्वारा आवश्यक निर्देश दिया गया.

### एसपी ने की मासिक अपराध समीक्षा बैठक, कहा

## नक्सल विरोधी अभियान को तेज करें,अपराधियों को दबोचे

संवाददाता। गुमला

एसपी शंभु कुमार सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को पुलिस अधिकारियों की मासिक अपराध समीक्षा बैठक पुलिस केंद्र में आयोजित की गई. जिसमें एसपी ने सबसे पहले शांतिपूर्ण लोकसभा चुनाव संपन्न कराने के लिए पुलिस के पदाधिकारी को बधाई दी और प्रोत्साहित किया. बैठक में लंबित कांड, वारंट, गृहभेदन, कुर्की आदि का निष्पादन करने तथा नक्सल अभियान को तेज करने पर चर्चा किया गया. अपने-अपने थाना क्षेत्र में सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा डायन बिसाही, महिला उत्पीड़न, नशापान, नशीली मादक पदार्थों का सेवन के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाने का निर्देश दिया. हत्या, बलात्कार, अप्राकृतिक मृत्यु के मामलों में अविलंब प्राथमिकी दर्ज करते हुए त्वरित कार्रवाई करने का एसपी ने निर्देश दिया. भारत सरकार द्वारा अधिसूचित तीन नए आपराधिक कानून भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के बारे में एसपी ने अपने अधीनस्थ पुलिस अधिकारियों को विस्तार से जानकारी दी. थाना प्रभारी को अपने-अपने थाना क्षेत्र में समय एवं स्थान बदल-बदल कर एंटी क्राइम वाहन चेकिंग अभियान चलाने और दुर्घटना रोकने के दिशा में आवश्यक पहल करने का निर्देश दिया. इस अवसर पर बेहतर काम करने वाले थाना प्रभारियों को सम्मानित किया गया और शेष थाना प्रभारियों को अगले माह की बैठक में बेहतर प्रदर्शन करने की चेतावनी दी.

## भंडरा सीओ बने शिक्षक,छात्रों को बताया शिक्षा का महत्व



स्कूली बच्चों को शिक्षा के महत्व को बताते भंडरा सीओ.

संवाददाता। भंडरा (लोहरदगा)

इन दिनों भंडरा अंचल अधिकारी दुर्गा कुमार एक अच्छे अधिकारी के साथ-साथ अच्छे शिक्षक की भूमिका में नजर आ रहे हैं. सीओ दुर्गा कुमार प्रशासनिक कार्यों के साथ गुरू की भूमिका में नजर आते रहे हैं. वे समय निकालकर सरकारी स्कूलों में पहुंचकर बच्चों की क्लास लेते रहे हैं. इसी बीच बुधवार को अंचल अधिकारी दुर्गा कुमार भंडरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत प्लस टू हाई स्कूल ब्राह्मडीहा पहुंचे और बच्चों को कई विषयों का पाठ पढ़ाया. सीओ दुर्गा कुमार को अपने बीच पाकर स्कूल के बच्चों में काफी उत्साह देखने को मिला. मौके पर सीओ ने बच्चों को गणित, हिंदी, अंग्रेजी सहित अन्य विषयों को पढ़ाया और कई गतिविधियां कराकर उन्हें प्रोत्साहित किया. उन्होंने कहा कि स्कूल के शिक्षक काफी अच्छा कर रहे हैं, बच्चों में शिक्षा के प्रति काफी उत्साह है. उनके प्रति शिक्षक की मेहनत सुखद अहसास दिलाती है. सीओ ने कहा कि नए सत्र से जिला प्रशासन द्वारा सैनिक स्कूल, नवोदय विद्यालय, नेतरहाट स्कूल की तैयारी कराने के लिए योजना लाने की तैयारी की जा रही है. इस बीच उन्होंने स्कूल में शिक्षक व बच्चों के बीच तालमेल बेहतर पाया और बच्चों में शिक्षा की प्राप्ति हेतु काफी ललक देखा. उन्होंने कहा कि ज्ञान और दान महादान होता है. इसे बांटकर बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने में सभी को आगे आने की जरूरत है. उन्होंने शिक्षकों को आउटडोर गतिविधियों पर विशेष जोर देने की भी बात कही, ताकि बच्चों का संपूर्ण विकास हो सके. मौके पर स्कूल के प्राचार्य व अन्य शिक्षक मौजूद रहे.

## सांसद सुखदेव ने विधायक कल्पना सोरेन को दी बधाई



कल्पना सोरेन को बधाई देते सांसद सुखदेव भगत.

संवाददाता। लोहरदगा

नवनिर्वाचित सांसद सुखदेव भगत ने गांडेय विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक कल्पना सोरेन के आवास पहुंचकर कल्पना सोरेन को जीत की बधाई दी . कल्पना सोरेन ने भी सांसद सुखदेव भगत को लोकसभा जीतने पर बधाई दी. इसके बाद दोनों नेताओं ने झारखंड के वर्तमान राजनीति पर चर्चा की. सांसद सुखदेव भगत ने कहा सीडब्ल्यू मीटिंग में राहुल गांधी ने स्पष्ट कहा है कि हम अपनी विचारधारा से समझौता नहीं करेंगे . हमें जो जनादेश मिला है हम उसके साथ चलेंगे . विधानसभा चुनाव के लिए हम पूरी मेहनत से लड़ेंगे.हम पूरी तरह स्वस्थ है कि राज्य में आगामी सरकार भी हमारी ही बनेगी.

### समस्या | यथाशीघ्र बाकी बची सड़कों का होगा कायाकल्प : कार्यपालक अभियंता

## शहरी क्षेत्र की सड़क आम आवाम के लिए बनी मुसीबत

संवाददाता। लोहरदगा



लोहरदगा शहरी क्षेत्र के वार्ड दो का जर्जर सड़क.

नगर पालिका क्षेत्र के न्यू आजाद बस्ती के वार्ड नंबर दो में रास्ता के लिए नगर पालिका द्वारा किसी तरह का कोई पहल नहीं किया जा रहा है. आम जनता का कहना है कि हम लोगों का एकमात्र मुख्य सड़क का हालत आज से पांच साल से इसी तरह से है.

कई बार लिखित आवेदन देकर सड़क निर्माण कार्य कराए जाने की मांग की जा चुकी है लेकिन आज तक न्यू आजाद बस्ती की सड़क का निर्माण किया नहीं कराया गया है. जिससे बरसात के दिनों में घर से निकलना दूभर हो जाता है. न्यू आजाद बस्ती के ग्रामीणों का कहना है कि लोहरदगा जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों की लगभग सड़कें बन चुकी है या फिर प्रगति पर है, दुर्भाग्य की बात है कि हमारे वार्ड की मुख्य सड़क पांच साल से जश का तस पड़ा हुआ है लेकिन किसी ने इसे बनवाने में दिलचस्पी नहीं दिखाया है. वार्ड वालों का कहना है कि सबसे चुनौतीपूर्ण वक्त उस समय गुजरता है जब बरसात के दिनों में शहरी क्षेत्र के अन्य वार्डों के गंदे पानी बहाव होकर वार्ड संख्या दो के सड़कों पर जम जाता है. उस वक्त का आलम यह होता है कि लोग बड़ी मुश्किल से किसी तरह अपने रोजमर्रा के लिए घर से निकल पाते हैं. यहां पर सड़क का निर्माण कार्य नहीं होने से लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है. मामले पर नगर परिषद के कार्यपालक से दूरभाष पर बात की गई तो उन्होंने कहा कि थोड़ा इंतजार कीजिए काम होगा. बहरहाल वार्ड संख्या दो के लोग पांच सालों से सड़क निर्माण कार्य होने की आस में इंतजार कर के थक चुके हैं. न्यू आजाद बस्ती के लोगों का कहना है कि वार्ड कमिश्नर भी इस पर कोई पहल नहीं किया है यही वजह है कि पांच साल बीत जाने के बाद भी सड़क का कायाकल्प नहीं हो पाया है.

**खास बातें**
- न्यू आजाद बस्ती की सड़क का निर्माण किया नहीं कराया गया
- बरसात के दिनों में घर से निकलना दूभर हो जाता है

## सूखा पेड़ बड़े हादसे को दे रहा है दावत

संवाददाता। गुमला



सड़क पर खड़ा सूखा पेड़

गुमला के घनी आबादी वाले शहरी क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक सूखे और पुराने बूढे.पेड़ हैं. यह सूखे और पुराने बूढ़े पेड़ से किसी अनहोनी की आशंका की जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं है. इसका कारण गुमला में प्री मानसून आंधी पानी आरंभ हो गया है. दिन के पहले पहर तेज धूप रहती है . दूसरे पहर आंधी तूफान के साथ वर्षा और मेघ गर्जन इन दिनों नियमित हो गया है. आंधी से आए दिन पेड़ और पेड़ की डालियां टूटती रही है. कभी किसी के घर में तो कोई गुमटी दुकान में या फिर बिजली खंभा में पेड़ की डालियां टूट कर गिरते रही है. बिजली खंभा में पेड़ की डाली गिरने से कई दिनों तक बिजली आपूर्ति भी बाधित रहता है. जिसके घर या गुमटी में पेड़ की डालती गिरती है उसका अर्थव्यवस्था खराब हो जाता है. चार पांच साल पहले की बात करें तो गुमला शहर के जशपुर रोड में पेड़ गिरने और दबने से दो लोगों की मौत हो चुकी है. इस तरह के शहर में कई घटनाएं होती रही है. शहर में सूखे पेड़ को काट कर हटाने के लिए गुमला की जनता, चेंबर आफ कामर्स आदि मांग करते रहे हैं. शांति समिति की बैठक में भी बात उठाते रहे हैं . सूखे पेड़ को हटाने में वन विभाग, एनएच, पीडब्ल्यूडी और नगर प्रशासन के दूसरे के नाम टाल मटोल करते हैं. जिसका खामियाजा आम राहगिरों को उठाना पड़ता है. गुमला शहर के पालकोट रोड में ज्योति इंटरप्राइजेज के सामने मकान मालिक द्वारा पेड़ की तना को छील कर मार दिया है. पेड़ पूरी तरह से सूख गया है. पेड़ के नहीं हटने से आंधी में गिरने की उम्मीद है. दिन में पेड़ के गिरने से जान माल की क्षति हो सकती है. वाहन या घर को भी नुकसान हो सकता है. इसी तरह के लोहरदगा रोड, जशपुर रोड, सिसई रोड आदि में सूखे पेड़ बड़ी घटना को आमंत्रण दे रहा है.

